अवर सचिव
UNDER SECRETARY

उप-राष्ट्रपति सचिवालय
VICE-PRESIDENT'S SECRETARIAT
नई दिल्ली/NEW DELHI - 110011
TEL.: 23016344/23016422 FAX: 23018124

फाइल संख्या वीपीएस-55/01-आरटीआई/66/2016-17

02 सितंबर, 2017

श्री पी.के. पाण्डेय
अनु सचिव एवं जनसूचना अधिकारी,
मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन
मुख्य सचिव कार्यालय, लखनऊ,
उत्तर प्रदेश शासन।

विषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत सूचना हेतु

महोदय,

सुश्री किरन वर्मा पुत्री स्व. दिनेश कुमार वर्मा निवासी 133/783, सी-नयापुरवा किदवई नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश का 24.08.2017 का पत्र 29.08.2017 को इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है जिसके साथ इन्होंने 10/- रूपये का पो.आ. संख्या 41एफ 941435 संलग्न कर अपने 24.07.2017 को इस सचिवालय को प्रेषित आवेदन जोकि इस सचिवालय में 26.07.2017 को प्राप्त हुआ था तथा जिसे 26.07.2017 को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किया गया था (प्रति संलग्न), पर की गई कार्यवाही की जानकारी चाही है चूंकि पत्र की विषय-वस्तु उत्तर प्रदेश सरकार से संबंधित है। अतः इनका आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत आपको हंस्तातरित किया जा रहा है। कृपया आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा की गई कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

यदि यह विषय-वस्तु आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती हो तो कृपया इसे उस सूचना अधिकारी को हस्तांतरित करने का कष्ट करें जिसके यह निकट से संबंधित हो।

धन्यवाद,

भवदीय,

(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-
सुश्री किरन वर्मा पुत्री स्व. दिनेश कुमार वर्मा निवासी 133/783, सी-नयापुरवा किदवई नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - कृपया अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त जनसूचना अधिकारी के कार्यालय से संपर्क करें।

हुरबी शकील
(हुरबी शकील)
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
hurbi.shakeel@nic.in

Narain Singh
4/9/17

अवर सचिव
UNDER SECRETARY

उप-राष्ट्रपति सचिवालय
VICE-PRESIDENT'S SECRETARIAT
नई दिल्ली/NEW DELHI - 110011
TEL.: 23016344/23016422 FAX: 23018124

फाइल संख्या वीपीएस 26/07/2017 (P)

26 जुलाई, 2017

श्रीयुत मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

प्रिय महोदय,

सुश्री किरन वर्मा पुत्री स्व. दिनेश कुमार वर्मा निवासी 133/783, सी-नयापुरवा किदवई नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश का 24.07.2017 का पत्र इस सचिवालय में 26.07.2017 को प्राप्त हुआ है जिसके माध्यम से इन्होंने भूमाफिया द्वारा बल पूर्वक इनका मकान तोडकर इन्हें घर से बेदखल किये जाने की शिकायत की है तथा उक्त प्रकरण की उचित जांच कर दोषियों को दंडित किये जाने व इनका आवास पुन: इन्हें दिलवाये जाने हेतु निवेदन किया है, अत: इनका पूर्ण विवरण युक्त पत्र मूल रूप में ध्यानाकर्षण हेतु आपको प्रेषित किया जा रहा है।

धन्यवाद,

भवदीय,

(हुरबी शकील)

प्रति सूचनार्थ
सुश्री किरन वर्मा पुत्री स्व. दिनेश कुमार वर्मा निवासी 133/783, सी-नयापुरवा किदवई नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - कृपया पत्र के संदर्भ में श्रीयुत मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के कार्यालय से सम्पर्क करें।

हुरबी शकील

(हुरबी शकील)

RTI No 66

सेवा में,

दिनांक : 24.08.2017

श्रीमान् केन्द्रीय जनसूचना अधिकारी महोदय,
कार्यालय उपमहामहिम राष्ट्रपति महोदय,
उपराष्ट्रपति भवन,
भारत सरकार,
6, मौलाना आजाद रोडद्व, नई दिल्ली – 110011

Vice President's Secretariat
Dy. No. 6414
Date 29/8/17

विषय : जनसूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत जनसूचना पाने हेतु

संदर्भ : किरन वर्मा पुत्री स्व0 दिनेश कुमार वर्मा नि0 133/783, सी. नयापुरवा किदवई नगर, कानपुर उ0प्र0 को भूमाफिया द्वारा बलपूर्वक प्रार्थिनी को घर से बेदखल करने के कुत्सित प्रयास के चलते आवेदन पत्र दिनांकित 24.07.2017।

महोदय,

प्रार्थिनी : किरन वर्मा पुत्री स्व0 दिनेश कुमार वर्मा नि0 133/783, सी. नयापुरवा किदवई नगर, कानपुर उ0प्र0 व मो0 नं0 07505760234 है। प्रार्थिनी ने दिनांक उपरोक्त संदर्भित विषयक एक प्रार्थना–पत्र दिनांक 24.07.2017 को श्रीमान् जी को दिया था प्रार्थना पत्र दिये हुए करीब 1 माह व्यतीत हो गया है परन्तु कोई भी कार्यवाही की सूचना अभी तक प्रार्थिनी को प्राप्त नहीं हुई है। अतः उपरोक्त के बावत प्रार्थिनी निम्न सूचना प्राप्त करना चाहती है :–

1. क्या प्रार्थिनी का प्रार्थना–पत्र श्रीमान् जी के कार्यालय में प्राप्त हो चुका है। यदि हाँ तो उस पर आपके स्तर से क्या कार्यवाही हुई है। प्रार्थना–पत्र किस कार्यालय में लम्बित पड़ा है।

नोट – उपरोक्त सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थिनी ने एक 10/– कीमत का भारतीय पोस्टल आर्डर नं0 41F 941435 मूल रूप से नत्थी किया है।

दिनांक : 24.08.2017

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रार्थिनी

किरन वर्मा

(किरन वर्मा)
पुत्री स्व0 दिनेश कुमार वर्मा
नि0 133/783, सी. नयापुरवा
किदवई नगर, कानपुर उ0प्र0
मो0 07505760234